पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

——————

# राज्यपाल से अमेरिकन एसोसिएशन आफ फिजिशियंस ऑफ इंडियन ओरिजिन के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की

——————

लखनऊ : 19 अक्टूबर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में अमेरिकन एसोसिएशन आफ फिजिशियंस ऑफ इंडियन ओरिजन (ए0ए0पी0आई0) के सदस्य डॉ स्मिता जोशी, डॉ शुक्ला रावल एवं डॉ सुमुल रावल ने शिष्टाचार भेंट की तथा राज्यपाल जी के सामाजिक गतिविधियों से प्रेरित होकर उन्हें आगामी 06 जनवरी को मणिपाल, कर्नाटक में आयोजित होने वाले ए0ए0पी0आई0 ग्लोबल हेल्थ केयर समिट महिला फोरम के लिए आमंत्रित भी किया।

ज्ञातव्य है कि अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन में भारतीय मूल के वैसे 01 लाख फिजिशियन शामिल हैं, जो अमेरिका में प्रैक्टिस करते हैं। ए0ए0पी0आई0 के सचिव, डॉक्टर सुमन रावल विश्व के पहले गुजराती न्यूरो ऑन्कोलॉजिस्ट है। ए0ए0पी0आई0 के सदस्य डॉ0 स्मिता जोशी द्वारा बताया गया कि संस्था द्वारा टाइप वन डायबिटीज वाले बच्चों के लिए प्रयुक्त ग्लूकोमीटर के नीडल की आवश्यकता की समाप्ति हेतु जन जागृति अभियान भी चलाया जा रहा है। ए0ए0पी0आई0 के सदस्यों द्वारा राज्यपाल जी को इस संदर्भ में न्यूयॉर्क में आगामी जुलाई में प्रस्तावित कांफ्रेंस के लिए भी आमंत्रित किया गया।

भेंट के दौरान डॉ0 स्मिता जोशी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी द्वारा महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए बालिकाओं के वैक्सीनेशन कराने का जो अभियान चलाया गया तथा प्रदेश को टी0बी0 मुक्त बनाने के लिए टी0बी0 मरीजों को गोद लेकर पोषण सहायता की जो अभिनव पहल की गई, वो चिकित्सा क्षेत्र में बेहद प्रेरणादायी है।

————

डा0 सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361